# आईडीए के आईएसबीटी के तीसरी बार टेंडर कल खुलेंगे

▶ कल अंतिम दिन था टेंडर डालने का



नव भारत न्यूज

**इंदौर. आईडीए ने आईएसबीटी के तीसरी बार टेंडर जारी किए थे. उसकी अंतिम तारीख कल थी और कल मालूम पड़ेगा कि टेंडर में किसी ने भाग लिया है या नहीं. पूर्व में दो बार टेंडर जारी हुए थे, लेकिन किसी भी कंपनी ने भाग नहीं लिया था.**

आईडीए ने तीसरी बार टेंडर शर्तो में संशोधन कर जारी किए थे. पहले आईएसबीटी के टेंडर की प्री बीड 6 जून और 17 जून को टेंडर खुलने वाले थे. आईडीए सूत्रों के अनुसार प्री बीड में कंपनियों की शर्तो को लेकर कुछ पूछताछ थी, इसलिए टेंडर की तारीख आगे बढ़ाई गई. आईडीए ने तीसरी बार के टेंडर में 20 साल की लीज और 5 साल का एक्सटेंशन देने की शर्त रखी है. इस बार आईडीए को उम्मीद है कि पूर्व में दो बार टेंडर में किसी कंपनी ने भाग नहीं लिया, लेकिन इस बार कंपनिया जरूर आएगी. ध्यान रहे कि आईडीए ने 100 करोड़ की लागत से एमआर-10 कुमेड़ी में 15 एकड़ जमीन पर आईएसबीटी का निर्माण किया है. आईडीए ने पूर्णत: वातानुकूलित भव्य बस स्टैंड बनाया है. बस स्टैंड से एक दिन में 1440 बसों का आवागमन हो सकता है. बसों और उनके ड्राइवर कंडक्टर के ठहरने से लेकर रेस्ट्रो तक की व्यवस्था की गई है. 40 से ज्यादा टर्मिनल और मेट्रो से कनेक्टिविटी तक दी गई है.

**प्रशासन के निर्देश- आईएसबीटी शुरू करें**

आईडीए पर जिला प्रशासन का दबाव है कि आईएसबीटी शुरू करें. पूर्व में तय भी हो चुका था कि शुरू में 250 बसों का संचालन किया जाएगा और फिर धीरे धीरे बसों की संख्या में बढ़ोतरी होगी.

**नेतागिरी के चलते डर रही कंपनियां**

आईडीए आईएसबीटी के टेंडर में भाग नहीं लेने का मुख्य कारण नेतागिरी है. बस स्टैंड के बाहर नेताओं के पट्टे ठेले गुमटी लगाने में देर नहीं करेंगे. नेतागिरी के साथ दादा पहलवानों से निपटना टेंडर लेने वाली कम्पनी के लिए बड़ी चुनौती साबित होगा.



## इंदौर नगर निगम को जल प्रहरी अवार्ड

नवभारत न्यूज

**इंदौर। खंडवा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर नगर निगम को मध्य प्रदेश जल प्रहरी अवार्ड से सम्मानित किया।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगम आयुक्त शिवम वर्मा और जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा ने सम्मान ग्रहण किया। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट भी मौजूद थे।

## निगम अग्रिम कर भुगतान की तारीख बढ़ाई

**इंदौर.** नगर निगम ने करदाताओं को सुविधा देते हुए अग्रिम भुगतान की तारीख एक माह आगे बढ़ा दी है. नगर निगम के सभी कर भुगतान में करदाताओं अग्रिम कर जमा पर 6% की छूट प्रदान करता है. यह छूट 30 जून तक दी जाती है. राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान गुड्डू ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपत्ति कर एवं जलकर का अग्रिम भुगतान करने की निर्धारित तिथि 30 जून है. इस बार निगम ने निर्णय लिया है कि अग्रिम कर जमा करने की तारीख आगे बढ़ा कर 31 जुलाई 2025 कर दी गई है. इसके पीछे अग्रिम करदाताओं को अग्रिम छूट का लाभ प्रदान करना है. राजस्व प्रभारी ने जनता से अपील के है कि एक माह अवधि बढ़ाने पर अग्रिम भुगतान पर छूट का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें.

## एक नज़र में

## प्रो. डॉ. योगेश सी. गोस्वामी श्री वैष्णव यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर बने



**इंदौर.** क्वालिटी एजुकेशन के लिए प्रतिबद्ध श्री वैष्णव विद्यापीठ विवि ने प्रो. डॉ. योगेश सी. गोस्वामी को अपना नया कुलगुरु नियुक्त किया है. दो से अधिक दशकों के अकादमिक अनुभव, नवाचार दृष्टिकोण और अनुसंधान में 24 वर्षों से अधिक की समृद्ध पृष्ठभूमि लिए प्रोफेसर गोस्वामी एआईसीटीई यंग टीचर करियर अवार्डी होने के साथ साथ अकादमिक उत्कृष्टता के लिए पहचाने जाते हैं. प्रो. गोस्वामी के शैक्षिक योगदानों में अभी तक 100 से अधिक प्रकाशित शोधपत्र, सह-लेखक पुस्तक अध्याय एवं डॉक्टरेट कार्य संपन्न हुए हैं. प्रतिष्ठित रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री के प्रतिष्ठित संपादकीय बोर्डों में डॉ गोस्वामी का नाम शुमार है. श्री वैष्णव यूनिवर्सिटी से पहले, प्रोफेसर गोस्वामी आईटीएम विश्वविद्यालय, ग्वालियर में डीन - रिसर्च एवं डेवलपमेंट / साइंस के उच्च पद पर कार्यरत थे. विवि कुलाधिपति श्री पुरषोत्तमदास पसारी ने गर्वित होकर कहा कि बीते एक दशक में श्री वैष्णव यूनिवर्सिटी ने प्रख्यात शिक्षाविद डॉ उपिंदर धर (मानद कुलपति-सेवानिवृत) के कुशल अकादमिक नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास किया है और अब यह अपने नए कुलपति की नियुक्ति के साथ और भी नए आयामों को छुएगी. श्री पसारी के अनुसार डॉ. योगेश सी. गोस्वामी की नियुक्ति विश्वविद्यालय की विकास यात्रा में एक अहम मील का पत्थर साबित होगी. श्री वैष्णव विद्यापीठ ट्रस्ट के मानद सचिव श्री कमलनारायण भुराड़िया ने कहा कि प्रोफेसर गोस्वामी की अनुसंधान विषय में गहरी समझ है जिसका लाभ विद्यापीठ में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मिलेगा.

## रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स की नई कार्यकारिणी, तापड़िया अध्यक्ष

**इंदौर.** रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स ने सत्र 2025-26 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है. पूर्ण पारदर्शिता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत हुए चुनाव में रोटेरियन भानु तापड़िया को क्लब का नया अध्यक्ष चुना गया है, वहीं





सचिव पद की जिम्मेदारी रोटेरियन सुनील अत्री को सौंपी गई है। नई टीम 1 जुलाई 2025 से कार्यभार संभालेगी. इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन भानु तापड़िया ने कहा कि क्लब सदैव रोटरी के सिद्धांतों पर चलते हुए सेवा कार्यों को नई दिशा देने का प्रयास करता रहा है और आगे भी शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक कार्यों पर विशेष ध्यान देगा. उन्होंने भरोसा जताया कि सभी सदस्यों के सहयोग से क्लब अपनी गतिविधियों को और प्रभावी बनाएगा और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा. क्लब सचिव रोटेरियन सुनील अत्री ने कहा कि नई कार्यकारिणी क्लब की कार्यप्रणाली को अधिक संगठित और उत्तरदायी बनाए रखने के लिए प्रयास करेगी. रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स विगत वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक सेवा और युवाओं के मार्गदर्शन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देता आया है. नए सत्र में भी क्लब द्वारा युवाओं के लिए करियर गाइडेंस सेमिनार, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण अभियान और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सहायता योजनाओं जैसी विभिन्न गतिविधियां नियोजित की जाती रहेंगी. क्लब अपनी गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए शहर में सेवा और सहयोग की भावना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है.

## फेडरेशन द्वारा बैंकिंग सहायता व समाधान कार्यशाला



**इंदौर.** फेडरेशन द्वारा एक बैंकिंग सहायता एवं समाधान कार्यशाला का आयोजन पार्श्व आरोग्यम मनोरमागंज इंदौर पर किया गया. कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य को बैंकिंग सेवाओं के बारे में जागरूक करना और उनकी समस्याओं का समाधान प्रदान करना था. यह जानकारी अ भा जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन ने अपने स्वागत उद्बोधन में दी. पार्श्व आरोग्यम के अध्यक्ष प्रकाश भटेवरा ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए बताया कि फेडरेशन अपने सदस्यों के व्यापार व्यवसाय के विस्तार के लिए बैंकिंग सुविधाएं जैसी जरूरतों की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध करने का कार्य कर रही है जो स्वागत योग्य कदम है. बैंक अधिकारियों का स्वागत फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र जैन, पीयूष जैन, संजय नाहर, महासचिव त्रय अरिहंत जैन, वीरेंद्र नाहर, किरण सिरोलिया, तथा डॉ शरद दोषी एवं अजित जैन आदि ने किया. फेडरेशन के बैंकिंग सलाहकार कमेटी के राष्ट्रीय चेयरमैन विनोद मेहता ने विस्तृत जानकारी दी. श्री मेहता जी ने बैंक लोन के दो मुख्य आधार सिबिल रिपोर्ट तथा क्रेडिट रेटिंग अच्छी रखने/ सुधारने पर भी प्रकाश डाला. कार्यशाला में बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, एच डी एफ सी बैंक, आई सी आई सी आई बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हुए. बैंकिंग अधिकारीयों ने अपने उद्बोधन के पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र के अंतर्गत जिज्ञासाओं का उचित समाधान किया. कार्यशाला के मुख्य संयोजक सी.ए.नरेंद्र भंडारी ने बताया कि कार्यशाला में भाग लेने से आम जनता को बैंकिंग पेशेवरों से मिलने और नेटवर्किंग करने का अवसर मिला जिससे जागरूकता बढ़ेगी. इस कार्यशाला में लगभग 150 से अधिक जैन समाज के लोगों ने भाग लिया. आभार कार्यशाला के सह संयोजक सी.ए. राजेंद्र रांका ने व्यक्त किया.


## दलित-आदिवासी बच्चों को दी शिक्षा सामग्री

**इंदौर.** हेल्प फॉर डिप्राइव्ड चिल्ड्रन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा इंदौर के जीत नगर क्षेत्र में 186 दलित और आदिवासी बच्चों को सम्पूर्ण शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई. ये सभी बच्चे




अत्यंत गरीब, वंचित और सामाजिक रूप से हाशिये पर धकेले गए परिवारों से आते हैं. प्रदान की गई सामग्री में कॉपियां, स्कूल बैग, पेन, पेंसिल, वॉटर बॉटल, टिफिन बॉक्स, ज्योमेट्री बॉक्स और डिक्शनरी शामिल थीं. कार्यक्रम में बच्चों को सामग्री वितरण संस्था के सचिव सुशील शिंदे के द्वारा किया गया. इस अवसर पर समाजसेविका हेमलता कटारिया, विपिन कुमार, विवेक तंवर सहित बच्चों के अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. इस पहल ने न केवल बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाई, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी नया बल दिया. कार्यक्रम में मौजूद हर किसी की आंखों में एक ही सपना था- शिक्षा से बदलाव, और बदलाव से सम्मानपूर्ण जीवन.

## सुदामा नगर में आचार्य विशद सागर ससंघ का मंगल प्रवेश कल



**इंदौर. बहेगी धर्म की गंगा, श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सुदामानगर में. समाधिस्थ गणाचार्य मुनि विराग सागर जी महाराज के वरिष्ठ शिष्य क्षमामूर्ति आचार्य विशद सागर महाराज ससंघ का 2025 वर्षायोग( चातुर्मास ) हेतु मंगल प्रवेश 2 जुलाई को प्रात: 8 बजे रणजीत हनुमान मंदिर फूटी कोठी रोड से होगा. सम्पूर्ण दक्षिण क्षेत्र में अपार उत्साह व धर्म प्रभावना का माहौल है.** मंगल प्रवेश पश्चात प्रथम मंगल प्रवचन सुदामा नगर दिगम्बर जैन मंदिर में होंगे. समाज अध्यक्ष पदमचंद मोदी ने बताया की महापर्व अष्टांहिका में सिद्ध चक्र विधान 3-10 जुलाई तक टीकमगढ़ के विधानाचार्य पंडित रोहित जैन द्वारा संपन्न कराया जाएगा। यह जानकारि महामंत्री विमल झांझरी द्वारा दी गई।

## पटवारी के खिलाफ मुकदमे को लेकर कांग्रेस का जंगी प्रदर्शन

▶ राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज संभागायुक्त कार्यालय पर कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करने को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया. कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुकदमा वापस नही लेने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी. प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा.**

आज सुबह 11 बजे शहर कांग्रेस और पार्षदों ने संभागायुक्त कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया. कांग्रेस ने उक्त प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर मुंगावली में मुकदमा दर्ज करने के विरोध में किया है. पटवारी ने लोधी बंधु को इंसानी मल खिलाने की आवाज उठाने हुए गुना कलेक्टर को उक्त घटना संज्ञान में लाने और कारवाई की मांग की थी. कांग्रेस ने अपर आयुक्त सपना लोवंशी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा. प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक और प्रभारी रवि जोशी नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे, राजू भदौरिया, शहर अध्यक्ष सुरजीत चड्डा, कृपाशंकर शुक्ला, शहर प्रभारी गजेंद्र सिंह सिसौदिया, महेंद्र रघुवंशी, प्रदेश प्रवक्ता राजेश चौकसे, प्रमोद द्विवेदी, नीलाभ शुक्ला, अमित चौरसिया, पिंटू जोशी, हिमानीसिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिला मिमरोट भाटिया, सीमा सोलंकी, अमन बजाज, राजा चौकसे, विवेक खंडेलवाल, गिरीश जोशी, ओम सिलावट, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.

**झूठा शपथ पत्र दिलवाया**

कांग्रेसियों का आरोप है कि भाजपा सरकार ने दबाव देकर और डरा धमकाकर लोधी बंधु से झूठा शपथ पत्र दिलवाया है. गरीब और दलित की आवाज उठाने को लेकर प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा पटवारी पर दर्ज झूठा मुकदमा वापस लेने की मांग की है. साथ ही चेतावनी दी है कि मुकदमा वापस नहीं लिया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा.

## बच्चे अर्जुन की तरह लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें : डॉ. जोशी

▶ शालिनी ताई मोघे की 14वीं पुण्यतिथि पर बाल निकेतन संघ में दो दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का शुभारंभ

▶ पहले दिन मध्यप्रदेश की मदर टेरेसा पद्मश्री डॉ. लीला जोशी का प्रेरणादायी व्याख्यान



नवभारत न्यूज

**इंदौर. मालवा की मैडम मोंटेसरी, बाल शिक्षा की जननी और समाजसेवा को शिक्षा से जोड़ने वाली महान विभूति स्वर्गीय पद्मश्री शालिनी ताई मोघे की 14वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में पागनीस पागा स्थित बाल निकेतन संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय विशेष व्याख्यान श्रृंखला का भावपूर्ण शुभारंभ हुआ. 30 जून की सुबह संस्था प्रांगण में आयोजित पहले दिन के कार्यक्रम में देश की प्रसिद्ध समाजसेविका एवं महिला स्वास्थ्य क्षेत्र की सशक्त आवाज, पद्मश्री डॉ. लीला जोशी ने अपने अनुभव साझा किए.**

इस आयोजन का उद्देश्य न केवल शालिनी ताई के अतुलनीय योगदान को स्मरण करना है, बल्कि उनके सेवा-संकल्प, शिक्षण दृष्टिकोण और सामाजिक चेतना को नई पीढ़ी के समक्ष प्रस्तुत करना भी है. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, मध्यप्रदेश की मदर टेरेसा के नाम से विख्यात, पद्मश्री डॉ. लीला जोशी रहीं। उन्होंने अपने व्याख्यान में न केवल स्वास्थ्य सेवा के अनुभव साझा किए, बल्कि बच्चों के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास पर भी गंभीर चिंतन प्रस्तुत किया. उन्होंने कहा बच्चों को अपने लक्ष्य पर अर्जुन की तरह ध्यान केंद्रित करना चाहिए. जिस तरह अभिमन्यु ने गर्भ में रहकर चक्रव्यूह में प्रवेश की कला सीखी थी, उसी तरह आज के बच्चे भी गर्भकाल से ही अपने आसपास के वातावरण से सीखते हैं. यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम उन्हें एक सकारात्मक, संस्कारयुक्त वातावरण दें। एक अच्छी शुरुआत ही अच्छे समाज की नींव होती है. उन्होंने बच्चों और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा शालिनी ताई हम सभी के लिए एक ऐसी प्रेरणा हैं, जिन्होंने शिक्षा को केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे सेवा और संस्कार का माध्यम बनाया.

**शाालिनी ताई हमारे लिए एक विचार**

बाल निकेतन संघ की सचिव डॉ. नीलिमा अदमणे ने कहा, शालिनी ताई हमारे लिए एक विचार हैं, जो हर बच्चे की मुस्कान में, हर शिक्षिका की मेहनत में और हर सामाजिक कार्यकर्ता की संवेदना में जीवित रहती हैं. यह व्याख्यान श्रृंखला उसी विचार को आगे ले जाने का प्रयास है. उनका समर्पण, नारी शिक्षा के प्रति जागरूकता और बाल संरक्षण के लिए उठाए गए कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक हैं. कार्यक्रम के समापन पर संस्था की ओर से डॉ. लीला जोशी का स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया. वहीं मनन पुराणिक को जिसने पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उसे व उसके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इस श्रृंखला का दूसरा 1 जुलाई को मनाया जाएगा, जिसमें लेफ्टिनेंट कर्नल आशिष मंगरुलकर ऑपरेशन सिन्दूर और राष्ट्रसेवा से जुड़े अपने बहुमूल्य अनुभव साझा करेंगे.



## रोटरी क्लब ऑफ़ इंदौर मेघदूत सर्वश्रेष्ठ क्लब अवार्ड से सम्मानित

**इंदौर. इंदौर में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के रोटरी वर्ष 2024-25 के अंतर्गत आने वाले मध्य प्रदेश व गुजरात के लगभग 115 क्लबों के द्वारा वर्ष भर किये गए कार्यों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन डिस्ट्रिक्ट 3040 के गवर्नर रोटेरियन अनीश मलिक एवं डिस्ट्रिक्ट अवार्ड चेयर रोटेरियन सिम्मी मलिक की अध्यक्षता में किया गया.**

इसमें रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के सह मंडलाध्यक्ष रोटेरियन रजनीश जायसवाल को उनकी मज़बूत लीडरशिप के लिए सर्वश्रेष्ठ सह मंडलाध्यक्ष एवं उनके लीडरशिप में विभिन्न क्लबों के द्वारा वर्ष भर किये गए सामाजिक कार्यो के फलस्वरूप सर्वश्रेष्ठ प्लेटिनम कैटेगरी में रोटरी क्लब ऑफ़ इंदौर मेघदूत को रोटरी डिस्ट्रिक्ट का सर्वश्रेष्ठ क्लब, क्लब अध्यक्ष रोटेरियन मनीष शर्मा को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष, क्लब सचिव सौरभ मुंदड़ा को सर्वश्रेष्ठ सचिव एवं क्लब के द्वारा समाज के ग़रीब वर्गों को समर्पित कार्यों को विशिष्ट प्रोजेक्ट के अवार्ड से नवाजा गया. रोटरी क्लब ऑफ़ इंदौर मेघदूत के द्वारा इनके इंदौर स्थित परमानेन्ट प्रोजेक्ट रोटरी नेत्र परीक्षण केंद्र एवं रोटरी मेघदुत फिजियोथिरापी केंद्र में वर्ष भर में लगभग 15000 मरीज़ों का इलाज एवं ज़रूरतमंदों को पुर्णत: मुफ़्त दवाइयाँ वितरित की जाती हैं. इसके साथ ही क्लब की निर्मला योजना के तहत स्लम क्षेत्र में रहने वाले महिलाओ में वर्ष भर सेनीटरी पैड एवं क्लब की शिशु कल्याण योजना के अंतर्गत हज़ारों गर्भवती महिलाओं को पुरे 9 महीने की दवाइयाँ भी पुर्णत: मुफ़्त दी जाती हैं. इसके साथ ही रोटरी मेघदूत के रोटेरियन सर्वप्रिय बंसल को रोटरी इंटरनेशनल फाउंडेशन में सर्वाधिक दान देने के लिए विशेष रुप से सम्मानित किया गया. रोटेरियन घनश्याम सिंह को बेस्ट पब्लिक इमेज अवार्ड से सम्मानित किया गया. रोटेरियन घनश्याम सिंह ने बताया कि रोटरी मेघदुत के तत्वावधान में आयोजित होने वाले सारे मेडिकल प्रकल्पों में दी जाने वाली दवाइयाँ पुर्ण रुप से सह मंडलाध्यक्ष रोटेरियन रजनीश जायसवाल द्वारा की जाती है.



## आईएमए वुमन फोरम की इंडस्ट्री विज़िट

**इंदौर. आईएमए वुमन फोरम द्वारा किमिरिका इंडस्ट्री में एक सफल इंडस्ट्रियल विज़िट का आयोजन किया गया. इस विज़िट का विषय था बिहाइंड दी ग्लो किमिरिका एक्सपीरियंस.आईएमए के सहयोग से हुए इस विज़िट में कई महिलाओं ने हिस्सा लिया.** सभी प्रतिभागियों ने किमिरिका की प्रोडक्शन प्रक्रिया, क्वालिटी स्टैंडर्ड और नए-नए आइडिया अपनाने के तरीकों को करीब से देखा और समझा. प्रतिभागियों ने कंपनी के अलग-अलग विभागों का दौरा किया और जाना कि किमिरिका अपने स्किन केयर और वेलनेस प्रोडक्ट्स कैसे बनाती है. कंपनी के प्रतिनिधियों ने ब्रांड की अंतरराष्ट्रीय यात्रा, क्वालिटी कंट्रोल और महिलाओं को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया. इस विज़िट का मकसद महिलाओं को इंडस्ट्री के कामकाज और प्रोडक्ट बनाने की प्रक्रिया से रूबरू कराना और उनमें उद्यमिता की भावना जगाना था. कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और आईएमए का इस प्रेरणादायक अनुभव के लिए धन्यवाद किया.

आयोजन ▶ एडवेंचर्स ऑफ रोडिंग ग्रुप का आयोजन

## पर्यावरण सुरक्षा की पहल के साथ ड्रायविंग को किया बेहतर





नवभारत न्यूज

**इंदौर. एडवेंचर्स ऑफ रोडिंग ग्रुप ने इंदौर शहर से 40 किलोमीटर दूर जाकर सीड बॉल्स स्प्रेड किए. साथ ही ऑफ रोडिंग करके अपनी ड्राइविंग स्किल्स को और मजबूत किया.**

ग्रुप फाउंडर श्रेष्ठा गोयल ने बताया उनका ग्रुप बहुत समय से वुमन को ड्राइव करने के लिए प्रेरित करता है. साथ ही वह बहुत सारी एडवेंचरस सोशल अवेयरनेस एक्टिविटीज भी करता है जिससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़े और उनमें टीम बिल्डिंग की भावना का विकास हो और चुनौतियां भर काम करने से हौसले मजबूत हो. यह इवेंट झाड़ उखाड़ मंदिर के पास हुआ इसका इवेंट का संचालन शिरीष गोयल, गुरदीप गिल, कान्हा जोशी, सुदीप्ति नीमा, रश्मि सचिन, अनूप सोनी, भारती, तबरेज, रवि पटेल और रियाज जी के द्वारा किया गया. इसमें शहर से करीब 70 लोगों ने हिस्सा लिया. पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ अपनी ड्राइविंग को और बेहतर करने के हुनर पर काम किया. एडवेंचरस ऑफ रोडिंग ग्रुप हमेशा ही ड्राइविंग से जुड़े इवेंट करता है.